# मध्यप्रदेश विधान सभा

## फरवरी-अप्रैल, 2016 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## बुधवार, दिनांक 9 मार्च, 2016 (फाल्गुन 19, 1937)

## समय 10.30 बजे दिन

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री जयंत मलैया, वाणिज्यिक कर मंत्री -

(क) मध्यप्रदेश विलासिता, मनोरंजन, आमोद एवं विज्ञापन कर अधिनियम, 2011 (क्रमांक 11 सन् 2011) की धारा 13 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार वाणिज्यिक कर विभाग की निम्नलिखित अधिसूचनाएं :-

(i) क्रमांक एफ ए-3-42-2015-1-पांच (29), दिनांक 19 अगस्त, 2015 एवं

(ii) क्रमांक एफ-ए-3-54-2015-1-पांच-(32), दिनांक 29 सितम्बर, 2015 तथा

(ख) मध्यप्रदेश वेट अधिनियम, 2002 (क्रमांक 20 सन् 2002) की धारा 71 की उपधारा (5) की अपेक्षानुसार वाणिज्यिक कर विभाग की निम्नलिखित अधिसूचनाएं :-

(i) क्रमांक एफ ए-3-63-2015-1-पांच (39), दिनांक 09 दिसम्बर, 2015,

(ii) क्रमांक एफ ए-3-63-2015-1-पांच (40), दिनांक 09 दिसम्बर, 2015

(iii) क्रमांक एफ-ए 3-58-2015-1-पांच (44), दिनांक 17 दिसम्बर, 2015,

(iv) क्रमांक- ए-58-2015-1-पांच-(36), दिनांक 13 नवम्बर, 2015,

(v) क्रमांक एफ-ए 3-53-2015-1-पांच (38), दिनांक 01 दिसम्बर, 2015

(vi) क्रमांक–ए-3-60-2015-1-पांच-(35), दिनांक 13 नवम्बर, 2015 तथा

(vii) क्रमांक एफ-ए-3-60-2015-1-पांच (02), दिनांक 02 जनवरी, 2016

पटल पर रखेंगे.

(2) श्री उमाशंकर गुप्ता, उच्च शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (क्रमांक 22 सन् 1973) की धारा 47 की अपेक्षानुसार अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) का 43 वां, 44 वां एवं 45 वां प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2010-2011, 2011-2012 तथा 2012-2013 पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्रीमती अर्चना चिटनिस, श्री रामनिवास रावत, डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, स्वकराधान योजना के तहत पंचायतों को राशि न मिलने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री रामनिवास रावत, सदस्य, श्योपुर जिले में भू-जल स्तर नीचे गिरने से उत्पन्न स्थिति की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 4. लोक लेखा, प्राक्कलन, सरकारी उपक्रमों संबंधी तथा स्थानीय निकाय एवं पंचायतीराज लेखा समितियों के लिये सदस्यों का निर्वाचन.

श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे -

"सभा के सदस्यगण, मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 221 के उपनियम (3), 223 के उपनियम (1), 223-क के उपनियम (1) तथा 234-ढ के उपनियम (2) द्वारा अपेक्षित रीति से वित्तीय वर्ष 2016-2017 के लिए क्रमश : लोक लेखा, प्राक्कलन, सरकारी उपक्रमों संबंधी तथा स्थानीय निकाय एवं पंचायतीराज लेखा समितियों के सदस्य होने के लिए अपने में से 11-11 सदस्यों के निर्वाचन के लिए अग्रसर हों."

### 5. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति के लिए सदस्यों का निर्वाचन

श्री ज्ञान सिंह, आदिम जाति कल्याण मंत्री, प्रस्ताव करेंगे -

"सभा के सदस्यगण, मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 234-क के उपनियम (1) द्वारा अपेक्षित रीति से वर्ष 2016-2017 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति के सदस्य होने के लिए अपने में से 15 सदस्यों के निर्वाचन के लिए (जिनमें क्रमश: चार-चार सदस्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा शासन द्वारा अधिसूचित पिछड़े वर्ग के होंगे) अग्रसर हों.".

-2-

## 6. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री गोविन्द सिंह पटेल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के -
(क) गाडरवाड़ा में **पॉलिटेक्निक** कॉलेज खोले जाने, तथा
(ख) ग्राम सीरेगांव में एक विद्युत सब स्टेशन बनाये जाने,
(2) श्री प्रहलाद भारती, सदस्य, शिवपुरी जिले के नगरा से दुल्हारा ऊंची बरोद से मारोरा खालसा तक रोड़ निर्माण कराये जाने,
(3) श्री शैलेन्द्र पटेल, सदस्य, सीहोर जिले के ग्राम कनेरिया में गदिया नाले पर तालाब का निर्माण कराये जाने,
(4) श्री दिलीप सिंह परिहार, सदस्य, नीमच जिले के ग्राम जावी से सेमली चन्द्रावत तक सड़क का डामरीकरण कराये जाने,
(5) श्री सुन्दरलाल तिवारी, सदस्य, रीवा जिले के बरसैता हाई स्कूल को हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन किये जाने,
(6) श्री मानवेन्द्र सिंह, सदस्य, छतरपुर जिले के आदिवासियों की बालिकाओं को छात्रावास आवास की सुविधा उपलब्ध कराये जाने,
(7) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, सदस्य, मन्दसौर जिले के ग्राम अधोरिया के नाले पर रपटा / पुलिया बनाये जाने,
(8) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले के आलमपुर वि.ख. लहार में इंटर कॉलेज एवं हाई स्कूल के भवन का निर्माण कराये जाने,
(9) इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य, सागर जिले के ग्राम सडेरी में नलजल योजना शुरू कराये जाने,
(10) श्री जालम सिंह पटेल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम बम्हौरी से महादेव पिपरिया तक सड़क निर्माण कराये जाने,
(11) श्री प्रताप सिंह, सदस्य, दमोह जिले के खमरिया से गुर्रहा मोहल्ला में रोड निर्माण कराये जाने,
(12) पं. रमाकान्त तिवारी, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम बरेतीकलॉं के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय का हाई स्कूल में उन्नयन कराये जाने,
(13) श्री नीलेश अवस्थी, सदस्य, जबलपुर जिले के ग्राम आलासूर सिमरिया में बने रपटे को ऊँचा कर पुल निर्माण कराये जाने,
(14) कुंवर सौरभ सिंह, सदस्य, कटनी जिले के ग्राम गोदना के पास पतने नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने,
(15) श्री वीर सिंह पंवार, सदस्य,विदिशा जिले के ग्राम पठारी के प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा दिलाये जाने,
(16) श्री दुर्गालाल विजय, सदस्य, श्योपुर जिले के बड़ोदा नगर में शीघ्र महाविद्यालय स्वीकृत कर प्रारम्भ कराये जाने,
(17) श्री अरूण भीमावद, सदस्य, शाजापुर जिले के ग्राम पंचायत धाराखेड़ी से दिल्लोद तक सड़क निर्माण कराये जाने,
(18) श्री नारायण सिंह पंवार, सदस्य राजगढ़ जिले के ग्राम माधौपुरा से सुठालिया के समीप नाले पर पुलिया निर्माण किये जाने,
(19) श्री मुकेश नायक, सदस्य, पन्ना जिले के ग्राम दमुईया में हाई स्कूल संचालित किये जाने,
(20) श्री निशंक कुमार जैन, सदस्य, विदिशा जिले के कस्बाग्राम, त्यौंदा बस्ती में एक नवीन हैण्ड पम्प खनन किये जाने,
(21) श्रीमती ममता मीना, सदस्य, गुना जिले के ग्राम उकावद की हरिजन बस्ती में सी.सी./खरंजा रोड निर्माण किये जाने,
(22) श्री सचिन यादव, सदस्य, खरगोन जिले के ग्राम अकबरपुरा फाटे के पास बस्ती में विद्युतीकरण कराये जाने,
(23) श्री घनश्याम पिरौनियां, सदस्य, दतिया जिले के ग्राम आसेर से दबरीभाट तक रोड बनाये जाने,
(24) श्रीमती चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के खरगापुर या बल्देवगढ़ में महा्विद्यालय खोले जाने,
(25) कुँवर विक्रम सिंह, सदस्य, सतना जिले के ग्राम खरमखेड़ा से जरयारी तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क बनाये जाने,
(26) श्री रामनिवास रावत, सदस्य, श्योपुर जिले में संचालित, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नवीन ट्रेड स्वीकृत किये जाने,
(27) श्री देवेन्द्र वर्मा, सदस्य, खण्डवा जिले के ग्राम नागचून, शिवना इत्यादि ग्रामों में नलजल योजना के तहत पेयजल उपलब्ध कराये जाने,
(28) श्री इन्दर सिंह परमार, सदस्य, शाजापुर जिले के कालापीपल में मूक बधिर एवं दिव्यांग छात्र / छात्राओं के लिए स्कूल व छात्रावास स्वीकृत कराये जाने,
(29) श्री लाखन सिंह यादव, सदस्य, ग्वालियर जिले के ग्राम केरूआ के मोहनगढ़ तिराहे से कन्जरों का डेरे तक मार्ग निर्माण किये जाने,
(30) श्री हर्ष यादव, सदस्य, सागर जिले के ग्राम ककरीबेरखेड़ी में चांदपुर तिराहे से ककरीखेडी तक पक्का सड़क मार्ग निर्माण किये जाने,
(31) श्री अमर सिंह यादव, सदस्य, राजगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र के हाई स्कूल को हायर सेकेण्ड्री स्कूल में उन्नयन कराये जाने,
(32) श्री रामपाल सिंह (ब्यौहारी), सदस्य, शहडोल जिले के ग्राम बनसुकली से चिण्डौला तक सड़क निर्माण एवं बनास नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 7. वर्ष 2016-2017 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)

| निर्धारित समय | | | |
|---|---|---|---|
| 3 घंटे | (1) | मांग संख्या – 6 | वित्त |
| | | मांग संख्या – 7 | वाणिज्यिक कर |
| | | मांग संख्या – 23 | जल संसाधन |
| | | मांग संख्या – 31 | योजना, आर्थिक और सांख्यिकी |
| | | मांग संख्या – 45 | लघु सिंचाई निर्माण कार्य |
| | | मांग संख्या – 57 | जल संसाधन विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनायें |
| | | मांग संख्या – 60 | जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय |
| | | मांग संख्या – 61 | बुन्देलखण्ड पैकेज से संबंधित व्यय |
| 3 घंटे | (2) | मांग संख्या – 10 | वन |
| 2 घंटे | (3) | मांग संख्या – 24 | लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल |
| | | मांग संख्या – 67 | लोक निर्माण कार्य- भवन |
| 2 घंटे 30 मिनिट | (4) | मांग संख्या – 11 | वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार |
| | | मांग संख्या – 43 | खेल और युवक कल्याण |
| | | मांग संख्या – 51 | धार्मिक न्यास और धर्मस्व |

**भगवानदेव ईसरानी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल :**
**दिनांक : 8 मार्च, 2016**